प्रश्न सं. [क्र. 2490]

परिशिष्ट-1

Dated : 10/02/2021

SAG/21010/1/PQ/2021/

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
परियोजना कार्यान्वयन इकाई–सागर (म.प्र.)

विषय: राष्ट्रीय राज्य मार्ग 86 के अंतर्गत बण्डा नगर के बायपास निर्माण।

संदर्भ: कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सागर का ई–मेल दिनांक 10.02.2021

तारांकित प्रश्न क्रमांक : 2490 के उत्तर के संबंध में।

क्र.	प्रश्न	उत्तर
01.	क्या बण्डा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत बण्डा नगर में बायपास के अभाव में लगातार दुर्घटनायें घटित हो रही है जिसमें बच्चें भी शामिल है? घटनाओं को रोकने के लिए विभाग द्वारा क्या राष्ट्रीय राज्य मार्ग 86 सागर कानपुर के अंतर्गत बण्डा नगर में बायपास स्वीकृत किया गया है?	परियोजना कार्यन्वयन इकाई सागर के अंतर्गत सागर से मोहारी तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या – 86 के सड़कखण्ड का भारतमाला परियोजना के अंतर्गत फोरलेन/चौड़ीकरण के कार्य हेतु डीपीआर कार्य प्रगतिरत् है। उक्त डीपीआर के अंतर्गत बण्डा नगर में बायपास प्रस्तावित है। भू–अर्जन से संबंधित कार्यवाही जैसे कि 3(a), 3(A) & 3(D) पूर्ण की जा चुकी है तथा भूमि एवं उस पर अवस्थित परिसम्पत्तियों के अवार्ड से संबंधित कार्यवाही सक्षम प्राधिकारी भू–अर्जन सागर एवं बण्डा के अंतर्गत प्रगतिरत् है।
02.	यदि हां तो राष्ट्रीय राज्य मार्ग 86 सागर कानपुर के अंतर्गत बण्डा नगर के स्वीकृत बायपास का निर्माण कार्य अभी तक क्यों नहीं किया गया?	निर्माण कार्य हेतु सिविल कार्य हेतु संविदाकार नियुक्त करने हेतु प्रक्रिया प्रगतिरत् है एवं भू–अर्जन से संबंधित अवार्ड पारित किये जाने हेतु भू–अर्जन अधिकारी सागर एवं बण्डा के अंतर्गत धारा 3(G) की कार्यवाही अपेक्षित है जो कि शीघ्र ही सक्षम प्राधिकारी भू–अर्जन सागर एवं बण्डा द्वारा पूर्ण की जावेगी।

भवदीय

Sunil Sharma
10-02-2021
(सुनील शर्मा)
परियोजना निदेशक